# शुक्रवार तक आ जाएगी एक्वेडिक हार्वेस्टर मशीन

## मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान करेंगे वर्चुअल शुभारंभ, साफ होगा अमृत सागर



: जलकुंभी से पटा अमृत सागर। • फाइल फोटो

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** केंद्र की झील संरक्षण योजना में शहर के बीच स्थित प्राचीन अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण को लेकर अब काम दिखने लगा है। 22.84 करोड़ की लागत के प्रोजेक्ट में जलकुंभी व तालाब में पानी पर जमा होने वाले कचरे को साफ करने के लिए शुक्रवार तक एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन रतलाम आ जाएगी। संभावना है कि 26 दिसंबर को स्वच्छता अभियान के प्रदेश स्तरीय अभियान में सीएम शिवराजसिंह चौहान मशीन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।

इस मशीन के लिए नगर निगम ने 2.70 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद फर्म ने मशीन रतलाम के लिए रवाना कर दी है। इस मशीन से जलकुंभी, दलदली घास व अन्य कचरा साफ किया जा सकेगा। ठेका लेने वाली फर्म को 10 साल तक मशीन का संचालन व संधारण करना होगा। मालूम हो कि एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन नाव की तरह होती है और चलते-चलते ही मशीन के दूसरे हिस्से में पानी में तैर रहा कचरा, जलकुंभी जमा होती है।

मालूम हो कि इस योजना की लागत करीब 40 करोड़ आंकी गई थी। कई संशोधन व परिवर्तन के बाद केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय में मामला अटक गया। विधायक चेतन्य काश्यप ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर योजना को स्वीकृत कराया। 0.18 वर्ग किलोमीटर में फैले तालाब में बोहरा बाखल तथा लक्कड़पीठा नाले का दूषित पानी मिलता है। गत एक-डेढ़ दशक से जलकुंभी की समस्या है।

नईदुनिया २२/१२/२१

## सुशासन दिवस 24 को मनाया जाएगा

रतलाम। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। नवभारत

नवभारत २२/१२/२१

## सुशासन दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाएगा

रतलाम। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। प्रसारण

प्रसारण/ २२/१२/२१

## सुशासन दिवस 24 को मनाया जाएगा

पत्रिका

रतलाम. पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिसंबर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

पत्रिका २२/१२/२१

## सुशासन दिवस 24 को मनाया जाएगा

अवन्तिका

रतलाम। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

अवन्तिका/ २२/१२/२१

## सुशासन दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाएगा

रतलाम। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 24 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय सेवकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। इन्दौर

इन्दौर समाचार २२/१२/२१

# स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य अमले की मेहनत से रतलाम जिला वैक्सीनेशन में शत-प्रतिशत के नजदीक

रतलाम। जिले में खास तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पिछले 6 माह से बहुत मेहनत करके जिले को वैक्सीनेशन लक्ष्य के अत्यंत नजदीक ला दिया है। शीघ्र ही हम शत-प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले हैं। प्रतिदिन की माइक्रो प्लानिंग कर जिले में शेष रहे व्यक्तियों को वैक्सीनेट करें। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की समीक्षा भी की गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी 25 दिसंबर तक शत-प्रतिशत हितग्राहियों के बैंक ऋण स्वीकृत करा दिए जाएं ताकि वे वाहन क्रय कर सकें। योजना में जिले के 20 सेक्टर्स में शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को वाहन क्राय कराने के लिए ऋण सुविधा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है ताकि योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राही अपने वाहन से राशन का ट्रांसपोर्टेशन कर सके जिसका भाड़ा लाभ उन्हें मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी को मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, पीएम स्व निधि, भिक्षावृत्ति सर्वे की भी समीक्षा बैठक में की गई। महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सैलाना, बाजना क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य के लिए विशेष मेहनत करें। सतत मॉनिटरिंग द्वारा बच्चों को कुपोषण से उबारा जाए। इन्दौर

इन्दौर समाचार 22/12/21

# स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य अमले की मेहनत से रतलाम जिला वैक्सीनेशन में शत-प्रतिशत के नजदीक

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रतलाम।। रतलाम जिले में खास तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पिछले 6 माह से बहुत मेहनत करके जिले को वैक्सीनेशन लक्ष्य के अत्यंत नजदीक ला दिया है। शीघ्र ही हम शत-प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले हैं। प्रतिदिन की माइक्रो प्लानिंग कर जिले में शेष रहे व्यक्तियों को वैक्सीनेट करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की समीक्षा भी की गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी 25 दिसंबर तक शत-प्रतिशत हितग्राहियों के बैंक ऋण स्वीकृत करा दिए जाएं ताकि वे वाहन क्रय कर सकें। योजना में जिले के 20 सेक्टर्स में शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को वाहन क्राय कराने के लिए ऋण सुविधा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है ताकि योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राही अपने वाहन से राशन का ट्रांसपोर्टेशन कर सके जिसका भाड़ा लाभ उन्हें मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी को मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, पीएम स्व निधि, भिक्षावृत्ति सर्वे की भी समीक्षा बैठक में की गई। महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सैलाना, बाजना क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य के लिए विशेष मेहनत करें। सतत मॉनिटरिंग द्वारा बच्चों को कुपोषण से उबारा जाए। स्वतंत्र

स्वतंत्र पैगाम 22/12/21

# आज से शुरू होगा श्वानों का बधियाकरण

## डाग बाइट में प्रदेश में दूसरे नंबर पर है रतलाम



श्वान बधियाकरण केंद्र पर चर्चा करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में श्वानों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए जुलवानिया में निर्मित केंद्र पर गुरुवार से श्वानों के बधियाकरण का काम शुरू हो जाएगा। मंगलवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ गठित समिति सदस्यों ने केंद्र का निरीक्षण किया। सदस्यों द्वारा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग पर निगम आयुक्त ने शीघ्र कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए।

समिति सदस्यों ने 22 दिसंबर से केंद्र में शहर की सड़कों पर घूम रहे श्वानों के बधियाकरण की सहमति दी। बधियाकरण के बाद नियत समयावधि में पकड़े गए क्षेत्र में ही श्वानों को वापस छोड़ा जाएगा। मालूम हो कि बधियाकरण के लिए डाग्स रूल के अंतर्गत निगरानी समिति का गठन किया गया है। ठंड में श्वानों के काटने व हमला करने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। जिला अस्पताल में औसतन दो से तीन डाग बाइट के मामले प्रतिदिन आ रहे हैं और कभी-कभी यह संख्या 10 से 12 तक भी पहुंच जाती है। बधियाकरण के बाद छह माह में इसका असर देखने को मिलेगा। पहले चरण में नगर निगम ने 5000 श्वानों के बधियाकरण का ठेका जयपुर की फर्म को दिया है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, गठित समिति सदस्य उप संचालक पशु पालन विभाग, एनिमल एक्टिविस्ट आशा गुप्ता, वेदप्रकाश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पल्लवी टांक, प्रकाश लोढ़ा, अपरा खंडेलवाल, शिल्पा जोशी सहित देवेश गोहेल, रजनी प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

नई.

नईदुनिया 22/12/21

# दो साल बाद त्रिवेणी मेला, तैयारी शुरू



**रतलाम, नप्र।** दो दिन बाद 24 दिसंबर से त्रिवेणी मेला शुरू होगा। झूले-चकरी वाले मेले में आ गए है। ये ही मेले की शान रहते हैं। झूले लगाने की तैयारियां हो रही हैं। छोटे-मोटे झूले और चकरी तो खड़े कर दिए हैं। बड़े झूले अभी खड़े नहीं हुए है। दुकानों के लिए चूने की लाइनें डल चुकी हैं। कलेक्टर कल अधिकारियों के साथ मेला प्रांगण पहुंचे और मेले को बेहतर ढंग से लगाए जाने के लिए जायजा ले चुके हैं।

कोरोना काल में लॉक डाउन के बाद से रतलाम में मेले जैसे आयोजन नहीं हुए। ना नवरात्रि में कालिका माता मेला लग पाया... ना बरबड़ हनुमान मेला। रामगढ़ में भी सत्यवीर तेजाजी मेला नहीं लगा था। इस बार भी त्रिवेणी मेला पूरी तरह से तय नहीं था। वह तो ठीक समय पर नगरवासियों ने मेले की पहल कर दी और प्रशासन को मंदसौर-उज्जैन का हवाला दिया... तब कहीं जाकर त्रिवेणी मेले की रजा मिली। इससे छोटे-मोटे व्यापारी भी खुश हो गए और मेले का आनंद लेने वाले रतलाम के बाशिंदे भी। त्रिवेणी मेला परिसर में झूले वाले तीन-चार दिन पहले से ही आ गए हैं, मगर कल से ही उन्होंने झूलों को तैयार करना शुरू किया है। कहा जा रहा है कि निगम से प्लॉट का मिल जाए उसके बाद बड़े झूले खड़े करेंगे। बच्चों के छोटे-मोटे झूले और चकरी की नए ढंग से साज-सज्जा कर उन्हें खड़ा कर दिया है। अब बारी बड़े झूलों की है, जो एक-दो दिन में पूरी हो जाएगी। ग्यारह दिनी मेले को सुनियोजित तरीके से लगाए जाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम कल मेला प्रांगण पहुंचे। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगनम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमन्त चौहान और निगम अधिकारियों के साथ उन्होंने मेला परिसर का जायजा लेकर नगर निगम अधिकारियों को बेहत्तर इंतजाम करने को कहा। मेला स्थल के साथ ही कलेक्टर ने यज्ञ साला, त्रिवेणी कुंड, का भी निरीक्षण कर रंगाई-पुताई और सड़क को समय-सीमा में ठीकठाक करने को कहा।कलेक्टर ने निगम प्रशासन को साफतौर पर हिदायत दी कि मेले में कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन हो। दोनों टीके लगने वाले ही मेले में आ सकेंगे, इसका व्यापक प्रचार करने को भी कहा। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने सीएसपी हेमंत चौहान से कहा कि मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों की शरारत ना हो इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग की जाकर असामाजिक तत्वों पर निगाह रखी जाएं। ५/[illegible]/२१

प्रभात किरण २१/१२/२१

# तीसरी लहर की आशंका के दौर में मीडिया पुनः करें जनता को जागरूक-मुख्यमंत्री श्री चौहान

स्वतंत्र

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा के मानसरोवर सभागार में ॠबिछड़े कई बारी बारीॠ पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक क्रूर कोरोना काल में असमय छीन लिये गये प्रदेश के लगभग सौ पत्रकारों के जीवन और उनके पत्रकारिता में योगदान पर आधारित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के मुख्य आतिथ्य में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा स्पीकर श्री गिरीश गौतम ने की। आयोजन ग्रामीण पत्रकारिता विकास संस्थान ने किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष श्री कमलनाथ, संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री कांतिलाल भूरिया, प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह पुस्तक के लेखक श्री देव श्रीमाली और श्री रविंद्र जैन उपस्थिति थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने भावपूर्ण संबोधन में कहा कि कोरोना काल में दिवंगत पत्रकारों पर केंद्रित यह पुस्तक, फिर न लिखनी पड़े, ऐसे प्रयास हों। तीसरे लहर की आशंका के मद्देनजर मीडिया जागरूकता प्रसार की भूमिका का पुनः निर्वाह करे। प्रत्येक व्यक्ति को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करना है। यह बचाव का प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर के समय हम गहरी वेदना के दौर से गुजर चुके हैं। अस्पताल में बेड, ऑक्सीजन और जीवन रक्षक औषधियों की व्यवस्था के लिए सभी ने दिन-रात कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मृत्यु अवश्यंभावी है। लेकिन कोई जाता है तो टीस छोड़कर जाता है। कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं, जो सदैव याद आते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत पत्रकारों स्व. श्री शिव अनुराग पटेरिया, श्री राजकुमार केसवानी की सेवाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्री केसवानी ने भोपाल गैस त्रासदी के पूर्व सभी को आगाह करते हुए लेखन किया। वे अपनी इसरिपोर्ट पर बी.डी. गोयनका अवार्ड मिलने पर प्रसन्न नहीं थे, बल्कि उनका कहना था कि काश यह हादसा न होता, यदि उनके लेख में दी गई चेतावनी को गंभीरता से लिया जाता। इसी तरह श्री पटेरिया मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के इन्सायक्लोपीडिया थे। वे ज्ञान के भंडार थे, एक चलती-फिरती लायब्रेरी थे। ऐसे दिवंगत साथियों के परिवार के साथ हम सभी को हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर भी रहना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि मध्यप्रदेश कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन कार्य में अच्छी सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेशों में है। इसमें मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए मीडिया ने पुनः जागरूकता के प्रयास प्रारंभ किए हैं। पुस्तक के लेखक श्री देव श्रीमाली ने कहा कि कठिन कोरोना काल में पत्रकारों के सहयोग के लिए जनसंपर्क विभाग गतिशील रहा। दिवंगत साथियों के परिजन को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता के साथ ही अन्य तरह की सहायता भी प्रदान की गई। नेता प्रतिपक्ष श्री कमल नाथ ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री नवीन पुरोहित और आभार प्रदर्शन श्री प्रखर पटेरिया ने किया।

स्वतंत्र [illegible] २२/१२/२१

## नालों की दशा एक माह में सुधारें



रतलाम. अभिभाषक और पूर्व न्यायाधीश राजेंद्र कुमार श्रीवास ने जिला प्रधान न्यायाधीश की कोर्ट में नगर निगम आयुक्त और निगम प्रशासक कलेक्टर के विरुद्ध आवेदन लगाकर नालों की दशा के लिए इनकी जिम्मेदारी तय करने की बात कहते हुए याचिका लगाई है। अभिभाषक श्रीवास ने कहा कि निगम की जिम्मेदारी होने के बाद भी आनन्द कालोनी तथा छत्रीपुल तथा शहर के समस्त नालों की स्थिति खराब है। नालों की समुचित व्यवस्था का दायित्व निकाय का है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर अभिभाषक श्रीवास ने पीठासीन अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ लोक उपयोगी सेवा स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार श्रीवास्तव के यहां कलेक्टर एवं आयुक्त नगर पालिका निगम रतलाम के विरुद्ध उक्त नालों को एक माह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करवाये जाने को लेकर याचिका प्रस्तुत की गई है। याचिका में आगामी सुनवाई 8 जनवरी नियत की गई है।

पत्रिका २७/१२/२१

## नालों को दुरस्त कराने के लिए याचिका

रतलाम। आनंद कालोनी, छत्रीपुल सहित शहर से समस्त नालों को दुरस्त कराने को लेकर अभिभाषक आरके श्रीवास ने लोक उपयोगी सेवा स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव) व जिला एंव सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार के समक्ष कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त के खिलाफ याचिका प्रस्तुत की है। याचिका में अगली सुनवाई आठ जनवरी 2022 को होगी।

अभिभाषक श्रीवास ने याचिका में अवगत कराया कि आनंद कालोनी व छत्रीपुल तथा शहर के समस्त नालों की स्थिति खराब है। नाले खुले होने से नागरिकों को बदबू व गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्णतः समुचित देखरेख का उत्तरदायित्व कलेक्टर व निगमायुक्त का है।



# त्रिवेणी मेले के सुनियोजित ढंग से आयोजन हेतु कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने किया निरीक्षण

रतलाम। रतलाम में आगामी दिनों आयोजित होने वाले त्रिवेणी मेला सुनियोजित ढंग से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को दोपहर में मेला ग्राउंड पहुंचकर निरीक्षण किया। नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, निगम के कार्यपालन यंत्री श्री हनीफ शेख, श्री सुरेश व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, सीएसपी श्री हेमंत चौहान, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। साथ ही यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि त्रिवेणी मेले के दौरान कोरोना के दृष्टिगत वैक्सीन का ध्यान रखा जाएगा। सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा दोनों डोज लगाए गए हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए नगर निगम की विशेष टीम तैनात की जाएगी। बताया गया कि त्रिवेणी मेला में भजन संध्या होगी। इसके अलावा स्थानीय कवि सम्मेलन तथा लोक नृत्य का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ने उबड़-खाबड़ स्थलों के समतलीकरण के निर्देश दिए। सुरक्षा की उचित व्यवस्था के साथ पेयजल, विद्युत व्यवस्था इत्यादि हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा कोई शरारत नहीं हो, इस हेतु सतत पेट्रोलिंग करने एवं निगाह रखने के निर्देश सीएसपी को दिए। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम. 22/12/21

# जनसुनवाई : बोले सुविधाएं ही नहीं है



**रतलाम.** शहर के बजरंग नगर, अर्जुन नगर व राजीव नगर के रहवासी बड़ी संख्या में मंगलवार को नगर निगम में पहुंचे व जनसुनवाई में ज्ञापन दिया। ज्ञापन कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे।

**राजीव नगर :** रहवासियों का कहना था कि छह माह पूर्व पेयजल पाइप लाइन उनके क्षेत्र में डाली गई, लकिन अब तक पेयजल का वितरण शुरू नहीं हुआ है।

**अर्जुन नगर :** रहवासी बोले कि उनके क्षेत्र में मच्छरों की भरमार है व गंदगी है। सफाई के लिए कर्मचारी नहीं आते हैं।

**बजरंग नगर :** रहवासियों ने कहा कि उनके क्षेत्र के सरकारी स्कूल की पेयजल टंकी टूट गई है। ऐसे में एक - एक बाल्टी पानी भरने के लिए मोटर को चलाना पड़ता है।

पत्रिका २२/१२/२१

प्रसारण



# कॉमर्स कालेज व डोंगरे नगर रोड से हटाया अतिक्रमण

## अतिक्रमण हटाने के बाद 20 फीट चौड़ी हुई सड़क

प्रसारण न्यूज * रतलाम

कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड अवैध गुमटी, ठेले, टीन शेड हटाये जाने की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यवाही करते हुए उक्त स्थलों से अतिक्रमण को हटवाया।

ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद द्वारा कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड अवैध गुमटी, ठेले, टीन शेड हटाये जाने का ज्ञापन दिये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने तत्काल नगर निगम के अतिक्रमण दल को उक्त स्थलों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 20 दिसम्बर को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डोंगरे नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज रोड तक व कॉमर्स कॉलेज रोड से भवन निर्माण कला केन्द्र तिराहे तक प्रारंभ कि जो 21 दिसम्बर को दोपहर तक चली जिसके तहत 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीन षेड व ओटलो को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के पश्चात् सड़क की चौड़ाई में लगभग 20 फीट की वृद्धि हुई है जिससे कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार व अतिक्रमण दल उपस्थित था।

प्रसारण 22/12/21

पत्रिका

## अतिक्रमण हटाने से 20 फीट चौड़ी हुई सड़क

# डोंगरे नगर रोड से हटाया अतिक्रमण



रतलाम @ पत्रिका. शहर के कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड से मंगलवार को नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग के अमले ने अतिक्रमण हटाया। जो कार्रवाई की गई, उसकी मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को पहले कॉलेज व इसके बाद नगर निगम में प्रदर्शन किया था।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कृष्णा डिंडोर के नेतृत्व में कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड अवैध गुमटी, ठेले, टीन शेड हटाये जाने की मांग को लेकर कॉलेज में जोरदार आंदोलन किया था। इसके बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थी कॉलेज से नगर निगम पहुंचे थे व यहां पर करीब एक घंटे तक जोरदार नारेबाजी की थी। निगम आयुक्त झारिया के कहने पर 20 दिसम्बर को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डोंगरे नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज रोड तक व कॉमर्स कॉलेज रोड से भवन निर्माण कला केन्द्र तिराहे तक शुरू कि जो 21 दिसम्बर को दोपहर तक चली। 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीनशेड व ओटलो को हटाया गया। प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

पत्रिका 22/12/21

**कॉलोनियों की खेती** • रिकॉर्ड का वेरिफिकेशन करने के बाद होगी कार्रवाई

# 6 और अवैध कॉलोनियों पर सरकारी नजर, चार रतलाम व दो सैलाना की

## कॉलोनाइजरों और जमीन मालिक को नोटिस देकर दस्तावेज तलब करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

छोटे खरीदारों को धोखा देते हुए अवैध कॉलोनियां काटने वाले भूमाफिया पर जल्द सरकारी हथौड़ा चलेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। सरकारी नजर 6 कॉलोनियों पर है। इनमें चार रतलाम, जबकि दो सैलाना की है। शिकायत और जानकारी लगने के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

फिलहाल संबंधित इलाके के तहसीलदार और एसडीएम से इन कॉलोनियों का वेरिफिकेशन करवा रही है। उनकी रिपोर्ट मिलने के बाद कॉलोनी सेल संबंधित कॉलोनाइजरों या जमीन मालिक को नोटिस देकर दस्तावेज तलब करेगी। इसमें अगर कॉलोनी बिना टीएंडसीपी और संबंधित निकाय की परमिशन के विकसित पाई तो कॉलोनी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### इन कॉलोनियों पर कार्रवाई की तैयारी

- **रतलाम** - डोसीगांव, डेलनपुर, ईटावामाताजी रोड, होमगार्ड कॉलोनी रोड
- **सैलाना** - तहसील कार्यालय के सामने, शिवगढ़ रोड

## सख्ती : हड़बड़ाए भूमाफिया, दबाव में अफसर



श्री कालिकामाता मंदिर की जमीन पर कब्जा कर बनाए घर-दुकान।

बिना परमिशन बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों, सरकारी जमीनों का अतिक्रमण और कब्जा हटाने के लिए चल रही प्रशासन की सख्त कार्रवाई ने भूमाफिया में हड़कंप है। कॉलोनाइजर, प्रॉपर्टी ब्रोकर्स और इस खेल से जुड़े तमाम रसूखदार प्रशासन पर दबाव बनाकर कार्रवाई रुकवाने की जुगाड़ भिड़ा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के सख्त तेवर के चलते हालांकि अब तक उन्हें सफलता नहीं मिल पाई है।

### सरकारी जमीनों की शिकायत मिली

सरकारी जमीनों पर रसूखदारों का कब्जा है। राजस्व विभाग के अफसरों तक चार शिकायतें पहुंच गई है। जांच शुरू हो गई है। अफसर त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया में है, जो 23 दिसंबर को पूरी हो जाएगी। उसके बाद अमला एक्शन में आ जाएगा। श्री कालिकामाता मंदिर की जमीन पर कब्जा करके पक्का निर्माण करने वाले तीन अतिक्रमणकर्ताओं में से दो का मामला निपट गया है। एक प्रकरण में कोर्ट का स्टे होने से अटक गया है। अफसर इसका भी निकाल करने का प्रयास कर रहे हैं। वैधानिक प्रक्रिया के निपटते ही मंदिर की जमीन का कब्जा हटा दिया जाएगा। बता दें कि राजस्व विभाग ने तीन अतिक्रमणकर्ता रईस पिता रसूल, अख्तर पिता रसूल और अनीस पिता रसूल को दिसंबर के प्रथम सप्ताह में नोटिस जारी किए थे। तीनों ने लगभग 0.250 बीघा में कब्जा कर मकान, दुकानें बना ली है। तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया पहले वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर लें। कुछ और सरकारी जमीनों पर भी कब्जे की जानकारी मिली है।

### एफआईआर के बाद भी गिरफ्तारी नहीं

अवैध कॉलोनियां बनाने वालों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई पुलिस में जाने के बाद नरम पड़ गई है। नगर निगम ने 2 दिसंबर को 17 कॉलोनाइजर और प्लॉट मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस अब तक एक को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इसका फायदा उठाकर तीन कॉलोनाइजर सेठजी का बाजार निवासी अब्दुल वाहिद पिता अब्दुल कादिर, महावीर नगर निवासी बालकिशन पिता रामनारायण पिपलौदिया और तेजसिंह धभाई अग्रिम जमानत लेने की कोशिश कर चुके लेकिन नाकाम रहे। बावजूद इसके पुलिस इन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही। बता दें कि नगर निगम, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने अक्टूबर और नवंबर में 9 अवैध कॉलोनियों का निर्माण तोड़कर कॉलोनाइजरों के खिलाफ माणकचौक, स्टेशन रोड और दीनदयाल नगर थाने में प्रकरण दर्ज कराए थे।

दै. भास्कर 22/12/21

# सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए बनेंगे हॉकर्स झोन

रतलाम ● नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने व यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु ऐसे सब्जी व फल विक्रेता जो कि सड़क किनारे, फुटपाथ पर बैठकर व्यवसाय करते है उन्हें व्यवसाय करने हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराए जाने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमन्त चौहान ने स्थल चयन हेतु बैठक ली। आयोजित बैठक में पटरी पार क्षेत्र के सब्जी व फल विक्रेताओं हेतु साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, राम मंदिर ब्रिज के नीचे व विनोबा नगर मुक्तिधाम के पीछे स्थल उपलब्ध कराये जाने हेतु चर्चा की गई। चर्चा में तय किया गया कि उक्त स्थलों को डवलप कराया जाए व सब्जी तथा फल विक्रेताओं का पंजीयन कर उन्हें स्थल उपलब्ध कराया जाए। अलग-अलग स्थानों पर फल व सब्जी मिलने पर नागरिकों को सुविधा होने के साथ ही विक्रेताओं को भी आर्थिक लाभ होगा तथा यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

स्वदेश

स्वदेश 22/12/21

# खुले में गंदगी करने पर 13 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 21 दिसम्बर को 13 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर राजेन्द्र फास्ट फुड सेन्टर जवाहर नगर मुक्तिधाम रोड पर 2000, चाय-साय टी स्टॉल 80 फीट रोड पर 1000, एच.के. चौधरी, सोनू पाटीदार सैलाना रोड, सुमीत पावर हाउस रोड, वीरसिंह, पवन दो बत्ती, कुलदीप, विनायक, दिलीप गोस्वामी, अमित फीगंज रोड पर 100-100, भाटीजी सैलाना रोड, प्रदीप फीगंज रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 43 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

प्रसारण

प्रसारण 22/12/21

## आज से शहर में श्वानों का बधियाकरण शुरू

रतलाम. लंबे इंतजार के बाद शहर में श्वानों (कुत्तों) का बधियाकरण शुरू करने का कार्य बुधवार से होगा। इसके लिए इस कार्य को करने वाली जयपुर की कंपनी सहित निगम अधिकारी व अन्य की बैठक जुलवानिया स्थित बनाए गए बधियाकरण अस्पताल में बैठक मंगलवार शाम को हुई। शहर में करीब 12 हजार से अधिक लोग अब तक एक ही वर्ष में डाग बाइट का शिकार हो चुके हैं। निगम ने निविदा को जारी किया था। निविदा को जयपुर की कंपनी ने भरा व उनके कार्य के प्रेजेंटेशन को देखने के बाद निगम ने मंजूरी दे दी। 15 दिसंबर से बधियाकरण कार्य की शुरुआत होना थी, लेकिन अंतिम समय में इसके लिए कमेटी आदि नहीं बनने पर इस कार्य को स्थगित कर दिया गया। अब समिति सदस्यों आदि की मंजूरी के बाद ही बुधवार से बधियाकरण कार्य की शुरुआत होगी। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर उपयंत्री सहित अन्य उपस्थित रहे।

पत्रिका २२/१२/२१

## कुत्तों का बधियाकरण अभियान आज से शुरू

रतलाम | आवारा कुत्तों का बधियाकरण 22 दिसंबर से प्रारंभ होगा। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में बने बधियाकरण केंद्र का मंगलवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण किया। मॉनीटरिंग समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। समिति सदस्यों ने केंद्र में सीसीटीवी लगाने की मांग की। आयुक्त ने तत्काल इंजीनियरों को निर्देश दिए। समिति ने बधियाकरण शुरू करने पर सहमति दी है। आयुक्त ने बताया बधियाकरण के बाद कुत्तों वापस वहीं छोड़ा जाएगा, जहां से पकड़ा था। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, समिति सदस्य सदस्य साथ रहे।

दै. भास्कर २२/१२/२१

## 25 और मकान मालिकों को कंपाउंडिंग नोटिस जारी, 58 लाख रु. वसूले

रतलाम | कंपाउंडिंग शुल्क वसूलने की कार्रवाई नगर निगम ने और तेज कर दी है। उपयंत्रियों से नपती करवाने के बाद अनुमति के विपरीत मनमाने तरीके से मकान बनाने वाले 25 और मकान मालिकों को नोटिस जारी कर दिए हैं। मकान मालिकों ने ऑनलाइन कंपाउंडिंग की फाइलें चला दी है। पिछले सप्ताह 47 लोगों को नोटिस जारी किए थे। इसका असर है कि अब तक निगम कंपाउंडिंग के 11 प्रकरण में कार्रवाई पूरी कर चुका है। इससे उसे करीब 58 लाख रुपए की आय हुई है। अभी फोकस बड़े मकान, शोरूम पर है, जिनकी इंजीनियर अनुमति के अनुसार नपती कर रहे हैं। उसके बाद छोटे और फिर दुकान से कंपाउंडिंग शुल्क भरवाया जाएगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया मॉनीटरिंग कर रहे हैं। बड़े भवनों के बाद छोटे मकान और दुकानों वालों को भी नोटिस जारी करेंगे।

दै. भास्कर २२/१२

-स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के अंतर्गत

स्वदेश

# होटलों के बीच स्वच्छता स्पर्धा होगी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के संदर्भ में नगर में संचालित होटलों के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित करवाए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने होटल संचालकों की बैठक लेकर स्वच्छता प्रतियोगिता की जानकारी से अवगत कराया।

बैठक में एच.एम. एस. इंदौर के शशांक पाण्डेय ने नगर के होटल संचालकों को स्वच्छ होटल प्रतियोगिता के बारे में बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में होटल में 4 डस्टबिन रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में ही प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड से संबंधित सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वॉल



पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर, होटल को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर 40 नंबर इस तरह कुल 17 मापदण्डों के तहत 565 नम्बरों की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर होटल संचालकों से कहा कि वे अपने-अपने होटलों में चार प्रकार के कचरे के पृथक्कीकरण हेतु चार डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, होटल से निकलने वाले गीले कचरे से अपने ही परिसर में पिट लगाकर खाद तैयार कर अपने परिसर को हरा-भरा बनाएं, होटल के साथ-साथ आसपास के परिसर को भी साफ रखें और पॉलिथीन व डिस्पोजल का उपयोग ना करें। पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े से बनी थैली, चाय-कॉफी के लिए कुल्हड़, डिस्पोजल के स्थान पर बर्तन का उपयोग कर आयोजित प्रतियोगिता में उच्चतम अंक प्राप्त कर विजेता बनें।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता प्रतियोगिता हेतु आईईसी टीम द्वारा आपके होटल में जाकर स्वच्छता संबंधी जानकारी दी जाएगी व इसकी निगरानी कलेक्टर द्वारा गठित दल करेगा। प्रतियोगिता में विजेता होटल को पुरस्कृत कर स्वच्छ होटल का दर्जा दिया जाएगा। इस अवसर पर सीएसपी हेमन्त चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, जी.एल. वर्मा टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, बी. राज कुमार एक्सीक्यूटिव इंजीनियर हाउसिंह बोर्ड, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, होटल संचालकगण उपस्थित थे।

स्वदेश २२/१२/२१

## 6470 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार तक 6470 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## मास्क नहीं लगाने पर 43 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर राजेंद्र फास्ट फुड सेंटर जवाहर नगर मुक्तिधाम रोड से 2000, चाय-साय टी स्टाल 80 फीट रोड से 1000, एक्के चौधरी, सोनू पाटीदार सैलाना रोड, सुमित पावर हाउस रोड, वीरसिंह, पवन दो बत्ती, कुलदीप, विनायक, दिलीप गोस्वामी, अमित फ्रीगंज रोड से 100-100, भाटीजी सैलाना रोड, प्रदीप फ्रीगंज रोड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 43 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूल कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

## 56 पर किया जुर्माना

रतलाम. नगर निगम के स्पॉट फाइन दल के अलग-अलग मामलों में कुल 56 लोगों पर आर्थिक जुर्माना किया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि बगैर मास्क पाए जाने पर 43 व शहर में गंदगी करने वाले 13 लोगों पर जुर्माना किया गया।

पत्रिका २२/१२/२१

फ्रीइंडिया २२/१२/२१

# कामर्स कालेज व डोंगरे नगर रोड से हटाया कब्जा

## अतिक्रमण हटाने के बाद 20 फीट चौड़ी हुई सड़क



कामर्स कालेज क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ती हुई जेसीबी। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कामर्स कालेज व डोंगरे नगर रोड पर अवैध गुमटी, ठेले, टीन शेड हटाए जाने के लिए सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद सोमवार शाम को शुरू की गई कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इन स्थलों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। मंगलवार दोपहर तक चली कार्रवाई में 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीन शेड व ओटलों को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई में लगभग 20 फीट की वृद्धि हुई है। इससे कालेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। कार्रवाई के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, राजेश पाटीदार व अतिक्रमण दल उपस्थित रहा। नई.

नईदुनिया २२/१२/२१

# 25 अवैध गुमटियां, 12 ठेले, 10 मकानों का अतिक्रमण तोड़ा



रतलाम | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के धरने के बाद शुरू हुई कॉमर्स कॉलेज के आसपास से अवैध गुमटियों को हटाने की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। निगम के दल ने भवन निर्माण कला केंद्र तिराहे तक 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीन शेड व ओटले तोड़े। सड़क की चौड़ाई 20 फीट बढ़ गई है। सोमवार को कॉलेज से लगी डोंगरेनगर वाली रोड की 18 गुमटियां हटाई थीं। सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, राजेश पाटीदार व अन्य मौजूद रहे। भास्कर

दै. भास्कर २२/१२/२१

# नगर को सुंदर बनाने होटलों के बीच स्पर्धा... दिए जाएंगे नंबर

**रतलाम, नप्र।** नगर निगम ने ठान ली है कि रतलाम को इंदौर की तरह साफ और सुंदर बनाया जाएगा। नागरिकों को जागरूक करने के साथ ही शहर में होटल संचालकों के बीच सफाई प्रतियोगिता होगी।

एचएमएस इंदौर के शशांक पांडेय ने नगर के होटल संचालकों के बीच करवाई जाने वाली प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि होटल में 4 कचरापात्र रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड से संबंधित सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वाल पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर के अलावा होटल को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर 40 नंबर मिलेंगे। कुल 17 मापदंडों के तहत 565 नम्बरों की प्रतियोगिता होगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने स्पर्धा के लिए होटल संचालकों की बैठक लेकर उन्हें प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। होटल संचालकों से कहा कि वे अपने-अपने होटलों में चार प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने के लिए चार कचरापात्र जरूरी रूप से रखें। होटल के साथ-साथ आसपास के परिसर को भी साफ रखें और पॉलीथीन व डिस्पोजल का उपयोग ना करें। पॉलीथीन की जगह कपड़े से बनी थैली, चाय-कॉफी के लिए कुल्हड, डिस्पोजल के जगह पर बर्तन का उपयोग कर अच्छे नंबर हासिल कर विजेता बने। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने कहा कि आईईसी टीम होटलों में जाकर दुकानदारों को सफाई के संबंध में जानकारी देंगी।



सीएसपी हेमन्त चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग जी.एल. वर्मा, हाउसिंह बोर्ड के बी. राज कुमार, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, अनिल बाफना समता सागर परिसर, राहूल जाट, लखन छपरी, मकसूद, उमेश शर्मा मुकेश पांचाल होटल बालाजी सेन्ट्रल आदि मौजूद रहे।

प्रभात किरण 21/12/21

## दो बत्ती चौराहा

फोरलेन बनने के बाद चौराहे पर संकेतक की जगह भी बदल गई है। चौराहे की रोटरी के आसपास रोड का एक हिस्सा बड़ा तो दूसरा छोटा होने से भी आवागमन प्रभावित होता है। फ्रीगंज व पावर हाउस रोड के लिए भारी वाहनों की आवाजाही के चलते यहां हादसे की आशंका बनी रहती है।

**तकनीकी गड़बड़ :** फोरलेन के पहले तक रोटरी सड़क के मध्य ही थी, लेकिन अब डाट की पुल व पावरहाउस रोड वाले क्षेत्र में चौड़ाई बढ़ गई है। इस वजह से नए सिरे से निर्माण जरूरी है।



फोरलेन बनने के बाद दो बत्ती चौराहे पर रोटरी नए सिरे से बनाने की जरूरत है। • नईदुनिया

## महू-रोड फव्वारा चौराहा

सालाखेड़ी से जावरा फाटक तक फोरलेन बनने के बाद इस चौराहे पर वाहन चालक भ्रमित हो जाते है। चौराहे के एक हिस्से पर मोड़ पर ही अस्थाई डिवाइडर लगाए हुए है।

**समस्या :** इंदौर से आने वाले वाहनों को चौराहे के हिस्से पर मोड़ लेकर जाना पड़ता है। फव्वारे की जाली से सामने से आने वाला वाहन नहीं दिखने पर हादसे का डर बना रहता है।

## गर्ल्स कालेज चौराहा

यहां बनाई गई रोटरी ट्रैफिक नियमों के विपरीत है। कई बार इस क्षेत्र में हादसे हो चुके है। इस क्षेत्र में सड़क का बड़ा हिस्सा रोटरी के सामने की ओर छोड़ा गया है। स्टेशन रोड से आने वाले वाहनों को तो परेशानी नहीं होती है, लेकिन नगर निगम से आने वाले वाहनों को घुमावदार मोड़ लेना पड़ता है।

**तकनीकी गड़बड़ :** घोड़ा चौराहे की तुलना में यह रोटरी थोड़ी पीछे बनी है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस गड़बड़ को कई बार उजागर किया है।



गर्ल्स कालेज चौराहे पर भी वाहनों के आवागमन में रोटरी से परेशानी होती है। • नईदुनिया



सैलाना बस स्टैंड पर भी वाहनों को सडक के एक छोर से ही मोड़ लेकर चलना पड़ता है। • नईदुनिया

## सैलाना बस स्टैंड

यहां चौराहे पर गायत्री टाकीज व शहर सराय से आने वाले वाहनों को चौराहे का एक हिस्सा छोड़कर चलना पड़ता है। पावर हाउस रोड से राममंदिर जाने के लिए भी चौराहे के नियमों का पालन नहीं हो पाता है।

**तकनीकी गड़बड़ :** प्रतिमा के लिए बनाए गए प्लेटफार्म के काफी चौड़े होने से पूरा चौराहा एक अंधे मोड़ की तरह हो जाता है। चौराहे पर घूमकर आने के दौरान वाहन आमने-सामने हो जाते हैं।

## यह होना चाहिए

- रोटरी के चारों और समान रूप से रोड होना चाहिए।
- चौराहे खुले होने चाहिए जिससे सामने से आने वाले वाहन दिखाई दे।
- चौराहों की चौड़ाई के मान से रोटरी बनाई जाए।
- रोटरी बनाने के दौरान इस यह व्यवस्था हो कि वाहन गलत दिशा में नहीं जा पाएं।

## इनसे बढ़ती है समस्या

- चौराहों की रोटरी पर बैनर-होर्डिंग लगाने से वाहन चालकों के लिए चौराहे अंधे मोड जैसे हो जाते है।
- रोटरी के आसपास डिवाइडर लगने, होर्डिंग बैनर या छोटा-मोटा सामान रखने से भी परेशानी होती है।

## शहर सराय शहीद चौक

नगर निगम ने इस चौक पर लगा फव्वारा हटाकर इंडिया गेट की प्रतिकृति बनाई है। भारी वाहनों की आवाजाही भी इस मार्ग से होती है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वाहन प्रमुख बाजारों में जाने के लिए इसी मार्ग से जाते हैं। चौराहे के दो छोर संकरे होने से वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती।

**गड़बड़ :** चौराहे पर रोटरी के एक ओर डिवाइडर बने होने से बड़े वाहनों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।



निगम तिराहे पर पैलेस रोड के लिए आने-जाने के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती है। • नईदुनिया

## नगर निगम तिराहा

शहर के प्रमुख क्षेत्रों में से एक होने व नगरनिगम के कारण दिन भर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। यहां फव्वारा लगाकर रोटरी बनाई गई। बाद में राजा रतनसिंह की प्रतिमा लगाने के लिए छत्री का निर्माण किया गया।

**समस्या :** पैलेस से आने वाले वाहन चालकों को छत्रीपुल के लिए जाते समय नगर निगम के सामने से गुजरना पड़ता है। यहां रोटरी के कारण सामने से आने वाले वाहन नहीं दिखते हैं। सडक का एक हिस्सा ऊंचा तो दूसरा हिस्सा नीचा होने से भी परेशानी होती है।

शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर बेहतर यातायात व रोटरियों के निर्माण के लिए तकनीकी तौर पर अध्ययन के बाद नए सिरे से निर्माण किया जाएगा। पहले चरण में दो बत्ती चौराहे पर काम होगा। निगम द्वारा संकेतक भी लगाए जाएंगे।

- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

नईदुनिया २२/१२/२१

# मुख्य मार्ग फोरलेन बने, अब चौराहों में सुधार की जरूरत

**अनदेखी** ● तकनीकी गड़बड़ से हादसों की आशंका, वाहन चालक को हो रही परेशानी, जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर के प्रमुख व व्यस्ततम मार्गों के चौराहों पर बनी रोटरियां तकनीकी नजरिए से ठीक नहीं होने के कारण वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। इससे जहां आए दिन जाम भी लगता है वहीं हादसे की आशंका भी बनी रहती है। नगर निगम शहर के सुंदरीकरण को लेकर काम कर रहा है, लेकिन प्रमुख मार्गों को फोरलेन में बदलने के बाद अब चौराहों पर रोटरियों को भी महानगरों की तर्ज पर ट्रैफिक नियमों के मान से सुधारने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। मालूम हो कि बरबड़ से राममंदिर होकर महाराणा प्रताप प्रतिमा, दो बत्ती होकर कान्वेंट तिराहे तक फोरलेन बन गया है। यही मार्ग आगे मित्र निवास रोड से सालाखेड़ी तक पहले ही फोरलेन बनाया जा चुका है। चौड़ी सड़क से वाहनों की गति व संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में चौराहों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए रोटरियों व संकेतकों का लगना जरूरी है।

## दो बत्ती चौराहा

फोरलेन बनने के बाद चौराहे पर संकेतक की जगह भी बदल गई है। चौराहे की रोटरी के आसपास रोड का एक हिस्सा बड़ा तो दूसरा छोटा होने से भी आवागमन प्रभावित होता है। फ्रीगंज व पावर हाउस रोड के लिए भारी वाहनों की आवाजाही के चलते यहां हादसे की आशंका बनी रहती है।

**तकनीकी गड़बड़ :** फोरलेन के पहले तक रोटरी सड़क के मध्य ही थी, लेकिन अब डाट की पुल व पावरहाउस रोड वाले क्षेत्र में चौड़ाई बढ़ गई है। इस वजह से नए सिरे से निर्माण जरूरी है।



फोरलेन बनने के बाद दो बत्ती चौराहे पर रोटरी नए सिरे से बनाने की जरूरत है। ● नईदुनिया

## महू-रोड फव्वारा चौराहा

सालाखेड़ी से जावरा फाटक तक फोरलेन बनने के बाद इस चौराहे पर वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं। चौराहे के एक हिस्से पर मोड़ पर ही अस्थाई डिवाइडर लगाए हुए हैं।

समस्या : इंदौर से आने वाले वाहनों को चौराहे के हिस्से पर मोड़ लेकर जाना पड़ता है। फव्वारे की जाली से सामने से आने वाला वाहन नहीं दिखने पर हादसे का डर बना रहता है।

## गर्ल्स कालेज चौराहा

यहां बनाई गई रोटरी ट्रैफिक नियमों के विपरीत है। कई बार इस क्षेत्र में हादसे हो चुके है। इस क्षेत्र में सड़क का बड़ा हिस्सा रोटरी के सामने की ओर छोड़ा गया है। स्टेशन रोड से आने वाले वाहनों को तो परेशानी नहीं होती है, लेकिन नगर निगम से आने वाले वाहनों को घुमावदार मोड़ लेना पड़ता है।

**तकनीकी गड़बड़ :** थोड़ा चौराहे की तुलना में यह रोटरी थोड़ी पीछे बनी है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस गड़बड़ को कई बार उजागर किया है।



गर्ल्स कालेज चौराहे पर भी वाहनों के आवागमन में रोटरी से परेशानी होती है। ● नईदुनिया



सैलाना बस स्टैंड पर भी वाहनों को सड़क के एक छोर से ही मोड़ लेकर चलना पड़ता है। ● नईदुनिया

## सैलाना बस स्टैंड

यहां चौराहे पर गायत्री टाकीज व शहर सराय से आने वाले वाहनों को चौराहे का एक हिस्सा छोड़कर चलना पड़ता है। पावर हाउस रोड से राममंदिर जाने के लिए भी चौराहे के नियमों का पालन नहीं हो पाता है।

**तकनीकी गड़बड़ :** प्रतिमा के लिए बनाए गए प्लेटफार्म के काफी चौड़े होने से पूरा चौराहा एक अंधे मोड़ की तरह हो जाता है। चौराहे पर घूमकर आने के दौरान वाहन आमने-सामने हो जाते हैं।

## यह होना चाहिए

- रोटरी के चारो ओर समान रूप से रोड होना चाहिए।
- चौराहे खुले होने चाहिए जिससे सामने से आने वाले वाहन दिखाई दें।
- चौराहों की चौड़ाई के मान से रोटरी बनाई जाए।
- रोटरी बनाने के दौरान इस यह व्यवस्था हो कि वाहन गलत दिशा में नहीं जा पाएं।

## इनसे बढ़ती है समस्या

- चौराहों की रोटरी पर बैनर-होर्डिंग लगाने से वाहन चालकों के लिए चौराहे अंधे मोड़ जैसे हो